“33”
pib.nic.in
mod.nic.in

पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार
****
‘हर काम देश के नाम’

नई दिल्ली: अग्रहायण04, 1944
शुक्रवारः 25 नवंबर 2022

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंहफ्रांसीसी गणराज्य के सशस्त्र बल मंत्री के साथ चौथी भारत-फ्रांस वार्षिक रक्षा संवाद की सह-अध्यक्षता करेंगे

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह फ्रांसीसी गणराज्य के सशस्त्र बल मंत्री श्री सेबेस्टियन लेकोर्नू के साथ26 से 28 नवंबर 2022 कोउनके भारत दौरे के दौरान चौथी भारत-फ्रांस वार्षिक रक्षा संवाद की सह-अध्यक्षता करेंगे।

फ्रांसीसी गणराज्य के सशस्त्र बल मंत्री भारत के विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार से भी भेंट करेंगे। फ्रांस के सशस्त्र बल मंत्री के रूप में श्री सेबेस्टियन लेकोर्नू की यह पहली भारत यात्रा है। उनका कोच्चि में दक्षिणी नौसेना कमान मुख्यालय जाने और भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को देखने का भी कार्यक्रम है।

भारत और फ्रांस के बीच घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। 1998 में, दोनों देशों ने रणनीतिक साझेदारी में प्रवेश किया, जो घनिष्ठ और बढ़ते द्विपक्षीय संबंधों के अलावा कई अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर उनके विचारों की समाभिरूपता को दर्शाता है। भारत और फ्रांस रक्षा और आयुध में साझेदार हैं, जो कई औद्योगिक सहयोग के माध्यम से रक्षा क्षेत्र में रणनीतिक स्वायत्तता की भारत की नीति में योगदान देते हैं।

एसआर/डीएस